**2022**

# HINDI

## ( Honours )

Paper : HIN–HC–5016

**( हिन्दी निबंध एवं अन्य गद्य विधाएँ )**

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) बालकृष्ण भट्ट किस युग के निबंधकार हैं?

(ख) सरदार पूर्ण सिंह द्वारा लिखित पठित निबंध का नाम क्या है?

(ग) 'भक्तिन' रचना का संबंध किस गद्य-विधा से है?

(घ) 'करुणा' किस प्रकार का निबंध है?

(ङ) निबंधकार आचार्य रामचंद्र शुक्ल का जन्म किस ईस्वी में हुआ था?

(च) 'तुम्हारी स्मृति' किसकी रचना है?

(छ) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था?

(ज) हल चलाने वाले किसका हवन करते हैं?

(झ) निबंध को गद्य की कसौटी किसने माना है?

(ञ) 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' किस विधा की रचना है?

(ट) प्रसाद जी की सवा सौ वर्ष की पुश्तैनी दुकान कहाँ स्थित थी?

(ठ) "इस निर्मम संसार ने जीते-जी न प्रेमचंद को परखा, न प्रसाद को, न निराला को ही।" यह कथन किस पाठ से उद्धृत है?

(ड) सुभान खाँ के चरित्र की एक मुख्य विशेषता बताइए।

(ढ) 'तांडव' किसके नाम पर रखा गया नृत्य है?

(ण) दुःख की श्रेणी में प्रवृत्ति के विचार से करुणा का उल्टा क्या है?

(त) 'पीपल' किसकी रचना है?

(थ) "सोचते-सोचते लगा कि इस देश की ही नहीं, पूरे विश्व की एक कौशल्या है।" यह कथन किस निबंध से लिया गया है?

(द) 'स्मृति की रेखाएँ' किसकी रचना है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना गया है?

(ख) लेखक ने जब सुभान खाँ से अपने (लेखक के) मामाजी से कुछ कर्ज लेने को कहा तो सुभान खाँ ने क्या उत्तर दिया?

(ग) भक्तिन के आ जाने से लेखिका अधिक देहाती कैसे हो गईं?

(घ) संगीत का कार्यक्रम देखने कौन-कौन गये थे? 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबंध के आधार पर सटीक उत्तर दीजिए।

(ङ) 'देवदारु' निबंध की दो विशेषताएँ बताइए।

(च) "ऐसा काम प्रार्थना, संध्या और नमाज़ से कम है?" यहाँ लेखक ने किस काम की ओर संकेत किया है?

(छ) शुक्ल जी के अनुसार करुणा क्या है?

(ज) 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' रेखाचित्र के आधार पर जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व की कोई दो विशेषताएँ बताइए।

(झ) "मेरी आँखों के सामने ब्रह्मानंद का समा बाँध दिया।" यहाँ लेखक को कैसे ब्रह्मानंद प्राप्त हुआ? 'मजदूरी और प्रेम' निबंध के आधार पर बताइए।

(ञ) 'पीपल' निबंध के माध्यम से लेखक ने क्या कहना चाहा है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) निबंध के तत्त्वों का उल्लेख करते हुए किन्हीं दो प्रमुख तत्त्वों का परिचय दीजिए।

(ख) शुक्लयुगीन निबंध के विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ग) सिद्ध कीजिए कि सुभान खाँ साम्प्रदायिक सद्भावना को जागृत करने वाला चरित्र है।

(घ) 'मजदूरी और प्रेम' निबंध के आधार पर श्रम के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'तुम्हारी स्मृति' निबंध के प्रतिपाद्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(च) 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबंध के आधार पर सिद्ध कीजिए कि "हर पुरानी पीढ़ी नई पीढ़ी के लिए चिंतित है, लेकिन नई पीढ़ी को इसकी परवाह नहीं।"

(छ) शिव पूजन सहाय ने यह क्यों कहा है कि—"जगत् की यही परम्परागत रीति जान पड़ती है कि वह युग की विभूति को उसके विलीन हो जाने के बाद ही पहचानता है।"

(ज) भक्तिन के जीवन का तीसरा परिच्छेद (भाग) क्या था?

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) निबंध की परिभाषा देते हुए उसके स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) द्विवेदीयुगीन निबंध की विकास-यात्रा पर सम्यक् प्रकाश डालिए।

(ग) 'मजदूरी और प्रेम' निबंध के मूलभूत प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) भक्तिन के चरित्र का चित्रण कीजिए।

(ङ) पठित निबंध के आधार पर महाकवि जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व के विविध पक्षों पर प्रकाश डालिए।

(च) निबंध के तत्त्वों की दृष्टि से 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबंध की समीक्षा कीजिए।

(छ) पठित पाठ के आधार पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की निबंध-शैली पर प्रकाश डालिए।

(ज) 'सुभान खाँ' पाठ के प्रतिपाद्य विषय पर विस्तार से प्रकाश डालिए।

(झ) 'करुणा' निबंध की शैलीगत विशेषताएँ बताइए।

(ञ) "'पीपल' निबंध में अज्ञेय ने पीपल के माध्यम से मानव जीवन में प्रकृति के विशाल महत्त्व की ओर संकेत किया है।" इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

★★★